दिन– मंगलवार | दिनांक– 30/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. पेरिस ओलंपिक में भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने दस मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में भारत के लिए दूसरा कांस्य पदक जीता।

02. मनु भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – देश की सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रही है।

04. और, नीट यूजी दो हजार चौबीस के सफल अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग का पहला चरण चौदह अगस्त से तेईस अगस्त तक होगा।

---

पेरिस ओलंपिक में भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने आज पेरिस ओलिंपिक में दस मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में भारत के लिए दूसरा कांस्य पदक जीता। मनु भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतनें वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं। दक्षिण कोरिया के ओह ये जिन और ली वोन्हो से सोलह–दस के अंतर से जीतकर मनु और सरबजोत की जोड़ी ने कांस्य पदक हासिल किया। इससे पहले मनु भाकर ने रविवार को दस मीटर पिस्टल शूटिंग में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला था। इसके पूर्व कोलकाता में जन्मे नॉरमन प्रीटचर्ड पहले ब्रिटिश भारतीय खिलाड़ी थे जिन्होंने वर्ष उन्नीस सौ में पेरिस में खेले गए ओलंपिक खेलो में दो रजत पदक जीते थे। बैंडमिंटन खिलाडी पीवी सिंधू और पहलवान सुशील कुमार मात्र दो ऐसे भारतीय खिलाडी हैं जिन्होंने ओलंपिक खेलों में एक से अधिक पदक जीते हैं।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के लिए दूसरा कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि एक ही ओलिम्पिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनकर मनु भाकर ने इतिहास रच दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने बधाई संदेश ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन से देश गौरवांवित हो रहा है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव और गणमान्य लोगों ने भी भारतीय निशानेबाजों को शुभकामनाएं दी है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश की सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और वह दिन दूर नहीं जब यह वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। श्री मोदी आज नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ–सीआईआई द्वारा आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। ''विकसित भारत की ओर यात्रा'' नामक इस सम्मेलन में श्री मोदी ने कहा कि महामारी से जूझने के बाद भी भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया है।

———बाईट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार जिस गति से बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है वह अभूतपूर्व है। श्री मोदी ने कहा कि बजट का आकार बढ़कर अड़तालीस लाख करोड़ रुपये हो गया है।

———बाईट———

---

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सरकार सब्सिडी देने पर विचार कर रही है। लोकसभा में आज एक प्रश्न का जवाब देते हुये श्री चौहान ने कहा कि सरकार किसानों की हरसंभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की सहायता के लिए सत्तर लाख हेक्टेयर नई कृषि भूमि को प्रधानमंत्री सुक्ष्म सिंचाई योजना के दायरे में लाया गया है।

———बाईट———

---

नीट यूजी दो हजार चौबीस के सफल अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग का पहला चरण चौदह अगस्त से तेईस अगस्त तक होगा। स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार काउंसलिंग चार राउंड में होगी। सुश्री पटेल ने कहा कि पंजीकरण अगले महीने के पहले सप्ताह में शुरू होगा।

---

भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम चम्पारण संसदीय क्षेत्र से सांसद डॉक्टर संजय जायसवाल को लोकसभा में पार्टी का मुख्य सचेतक बनाया है। इसके साथ ही दरभंगा के सांसद गोपालजी ठाकुर को सोलह सचेतकों की सूची में शामिल किया गया है। पार्टी में विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी है।

---

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि राज्य में कानून का शासन कायम है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में अपराध की घटनाएं हुई हैं, जिसे सरकार ने चुनौती के रूप में लिया है। श्री जायसवाल ने कहा कि ऐसे आपराधिक तत्वों से सख्ती से निपटा जा रहा है।

———बाईट———

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने अभ्यर्थियों को शिक्षक भर्ती परीक्षा में सफल कराने के नाम पर उगाही करने वाले गिरोह से सावधान रहने को कहा है। आयोग ने आज इस संबंध में चेतावनी जारी की है। जिसमें कहा गया है कि ऐसे किसी भी अनुचित प्रयास में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जायेगा। आयोग ने फ्रॉड कॉल की जानकारी देने के लिए फोन नम्बर— आठ नौ आठ छह चार दो दो दो नौ छह जारी किया है। आयोग ने इस संबंध में आर्थिक अपराध इकाई को भी सुचित कर दिया है।

---

दिल्ली के कोचिंग संस्थान में हादसे में जान गंवाने वाली औरंगाबाद जिले की तान्या के परिजनों ने पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। तान्या के चाचा सुनिल कुमार ने कहा कि यह दुर्घटना बड़ी लापरवाही का नतीजा है, इसलिए इसमें शामिल सभी जिम्मेदार लोगों की पहचान होनी चाहिए और उनको सजा मिलनी चाहिए। गौरतलब है कि दिल्ली के राजेन्द्र नगर इलाके में एक मकान के बेसमेंट में चलाये जा रहे कोचिंग में पानी घूस जाने के यूपीएससी के तैयारी कर रहे तीन छात्रों की मौत हो गयी थी।

---

दिल्ली के एक कोचिंग संस्थान में घटी घटना के बाद पटना में विभिन्न स्थानों पर चलाये जा रहे कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा प्रबंध के सत्यापन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए छह टीमें बनायी गयी है। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारियों के नेतृत्व में जिले के सभी इलाकों में कोचिंग संस्थानों की जांच की जायेगी। इस दौरान कोचिंग संस्थान में आपात स्थिति से निपटने के लिए किये गये इंतजामों की समीक्षा की जायेगी।

———बाईट———

इसी क्रम में आज दानापुर, पटना सदर और पटनासिटी नुमंडल अधिकारी के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर कोचिंग संस्थानों की जांच की गयी। इस दौरान लाईसेंस, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था और आकस्मिक स्थिति से निपटने के इंतजाम की जांच की गयी।

---

झारखंड में दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में हावड़ा– मुंबई एक्सप्रेस के पटरी से उतरने के कारण बिहार से गुजरने वाली कई रेलगाड़ियों के परिचालन मार्ग में बदलाव किया गया है। आज खुलने वाली दुर्ग–आरा एक्सप्रेस को राउरकेला–नवागांव–मूरी–कोटशिला–बोकारो स्टील सिटी–भोजूडीह–जयचंडी पहाड़–आसनसोल के रास्ते चलाया जा रहा है। जबकि ठीक इसी प्रकार आरा–दुर्ग एक्सप्रेस के परिचालन मार्ग में परिवर्तन किया गया है। कल खुलने वाली दुर्ग–आरा एक्सप्रेस का आंशिक समापन झारसुगुडा में हो जायेगा। वहीं, आज आरा–दुर्ग एक्सप्रेस का आंशिक समापन टाटानगर जंक्शन पर कर दिया गया।

---

पूरे प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की गतिविधि कमजोर रही है, जिसके कारण राज्य के दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में कुछ स्थानों को छोड़कर अधिकतर स्थानों पर मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में सबसे अधिक अड़तालीस दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा नवादा के हिसुआ में दर्ज की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जा सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि राज्य के दक्षिण–पश्चिम, दक्षिण–पूर्व और उत्तर–पश्चिम भागों में अगले दो दिनों के दौरान विभिन्न स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है।

–––बाईट–––

---

अररिया जिले में अलग–अलग स्थानों पर डूबने की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि एक अन्य व्यक्ति लापता बताया जा रहा है। वहीं, मुंगेर जिले में बबुआ गंगा घाट पर स्नान करने के दौरान दो किशोर डूब गये। गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम दोनों किशोर की खोजबीन में जुटी है। इधर, बांका जिले के जनकपुर गांव में एक तालाब से एक महिला समेत तीन लोगों का शव बरामद किया गया है।

---

समस्तीपुर रेल मंडल के हरिनगर–भैरोगंज के बीच नवनिर्मित दोहरीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है। कल इस रेलखंड पर स्पीड ट्रायल किया जायेगा। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि सुगौली–वाल्मीकिनगर दोहरीकरण परियोजना का काम सफलतापूर्वक पूरा हो गया है।

---

भाजपा की भागलपुर जिला इकाई की कार्यसमिति की बैठक आज नाथनगर के उत्सव भवन में आयोजित की गयी। कार्यक्रम में श्रम संसाधन मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सिंह शामिल हुये।

---

बेगूसराय के बरौनी रेलवे स्टेशन पर कमलापति एक्सप्रेस के एक डिब्बे से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया है।

---

गोपालगंज के बैकुंठपुर में जीविका के द्वारा मार्गदर्शन सह रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले में पन्द्रह कंपनियों के द्वारा स्टॉल लगाया गया, जिसमें पंचानवे युवकों का चयन किया गया।

---

सारण जिले के मढौरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मदनपुर में छापेमारी कर पुलिस ने एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। पुलिस ने मौके से कई हथियार, हथियार बनाने के सामान समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

बेगूसराय के राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के शल्य क्रिया विभाग में आज से ऑपरेशन की शुरूआत हो गयी है। यह जानकारी प्राचार्य डॉक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी ने दी है।

---

वैशाली के जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने जिले में खनन प्रक्रिया की समीक्षा की। बैठक में जिला खनिज विकास पदाधिकारी ने पांच बालू घाट की नीलामी की जानकारी दी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. पेरिस ओलंपिक में भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने दस मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में भारत के लिए दूसरा कांस्य पदक जीता।

02. मनु भाकर एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – देश की सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी आठ प्रतिशत की दर से बढ़ रही है।

04. और, नीट यूजी दो हजार चौबीस के सफल अभ्यर्थियों के लिए काउंसलिंग का पहला चरण चौदह अगस्त से तेईस अगस्त तक होगा।

---